प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.03.2024 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने की तारीखों की घोषणा, देशभर में सात चरण में होंगे चुनाव, 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान, 4 जून को होगी मतगणना।
2. झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में होगा मतदान, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को डाले जायेंगे वोट, गांड़ेय विधानसभा सीट पर 20 मई को उपचुनाव।
3. राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश, अगले तीन दिनों तक वज्रपात और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी।

और

4. रांची के खेलगांव में 18 मार्च से शुरू होगी दो दिवसीय राज्यस्तरीय वन खेल–कूद प्रतियोगिता, राज्यभर के खिलाड़ी होंगे शामिल।

******************

देश में आगामी लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। ये चुनाव सात चरणों में कराये जाएंगे। वहीं मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 89 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरा चरण सात मई को होगा, जिसमें 94 सीटों पर मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में 20 मई को 49 संसदीय सीटों पर मतदान होगा, जबकि छठे चरण में 25 मई को 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को 57 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में आम चुनाव 2024 के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि देश में 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढे दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां डेढ करोड चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में पहली बार वोट देने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। श्री कुमार ने बताया कि आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सिक्किम, ओडिसा, आंध्र–प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की। इस दौरान श्री कुमार ने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की जानकारी दी।

******************

झारखंड के पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को, दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 20 मई को, तीसरे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को और चौथे चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होगा, जबकि चार जून को मतों की गिनती की जायेगी। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने आज राजधानी रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने राज्य के मतदाताओं का आंकड़ा जारी किया –

इधर झारखंड की गांड़ेय विधानसभा सीट पर 20 मई को उपचुनाव होगा। बता दें कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद से यह सीट खाली है।

******************

रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ आज बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

******************

देवघर के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विशाल सागर ने कहा कि गोड्डा लोकसभा सीट के लिए एक जून को वोट डाले जायेंगे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख 37 हजार 560 है। उन्होंने 24 घंटे के अंदर राजनीतिक दलों को पोस्टर बैनर हटाने का निर्देश दिया है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड सभागार में लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के अनुपालन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी कमल किशोर की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से 24 घंटे के अंदर क्षेत्र से अपनी पार्टी के बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश दिया गया।

******************

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गुमला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, इनमें कई क्षेत्र नक्सल प्रभावित हैं। कुल 13 कलस्टर में मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा।

उधर रामगढ़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने फ्लाइंग स्क्वाड दल, स्टेटिक सर्विलांस दल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

******************

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–जेपीएससी पीटी कल राज्य़भर में आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्रों पर आय़ोजित की जायेगी। इस परीक्षा में साढ़े तीन लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसे लेकर धनबाद में पैंसठ, लोहरदगा में बीस सहित अन्य जिलों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। धनबाद के अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने बताया कि सभी केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में निषेधाज्ञा लगा दी गई है। वहीं लोहरदगा में परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक की गई। उधर हजारीबाग में परीक्षा को लेकर केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक कर जरुरी दिशा–निर्देश दिये गये।

******************

गिरिडीह के झंडा मैदान में आज से दो दिवसीय जिलास्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के सभी प्रखण्डों से किसान, किसान मित्र, प्रगत्तिशील कृषक शामिल हो रहे हैं।

******************

देवघर आने वाले तीर्थ यार्थियों की सुविधा को लेकर नगर निगम तेजी से काम कर रहा है।

******************

कोडरमा के मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी की गाड़ी पर आज एक बरगद का पेड़ गिर जाने से वाहन चालक दिनेश कुमार को गंभीर चोट लगी है। बीडीओ की गाड़ी से सभी अधिकारी मरकच्चो प्रखंड के गांवों में बने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने जा रहे थे।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में रूक–रूककर बारिश हो रही है। वहीं रांची में आज ओलावृष्टि भी हुई है। रांची के मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में अगले तीन दिनों तक गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 17 और 18 मार्च को तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं 19 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

******************

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रांची स्थित मेगा स्पोट्र्स काम्प्लेक्स में 18 से 19 मार्च तक राज्यस्तरीय वन खेल–कूद प्रतियोगिता–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्भर के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

*******समाप्त******